# विश्व पर्यावरण दिवस : खाली जमीन पर लगाएं फलदार पौधे : विधायक





नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम रायश्री स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक देवेंद्र जैन ने ग्रामीणों और किसानों को पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक समृद्धि का संदेश देते हुए खाली पड़ी भूमि पर फलदार पौधे लगाने का आह्वान किया। विधायक जैन ने कहा कि फलदार वृक्ष न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाएंगे, बल्कि भविष्य में ग्रामीणों की आय का स्थायी स्रोत भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार अपने घर और खेत के आसपास फलदार पौधे लगाए तो आने वाले वर्षों में इससे आर्थिक लाभ के साथ पर्यावरण संतुलन भी मजबूत होगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, जनपद अध्यक्ष हेमलता रघुवीर रावत, जिला पंचायत सीईओ विजय राज, जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, ग्रामीणजन एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, अधिकारियों, ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण तथा धरती को हरा-भरा बनाए रखने की सामूहिक शपथ ली।

### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान

कार्यक्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की बात कही। उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चा अपने जन्मदिन अथवा किसी विशेष अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी कम से कम एक वर्ष तक देखभाल करने का संकल्प ले। कलेक्टर ने सभी विभागीय छात्रावासों एवं शिक्षण संस्थानों में सघन पौधरोपण कराने के निर्देश भी दिए, ताकि पर्यावरण संरक्षण की भावना समाज के हर वर्ग तक पहुंच सके। योग आयोग के अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल, सिंचाई और सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधे वृक्ष बनकर पर्यावरण को लाभ पहुंचाएं।

### बांसखेड़ी में स्वस्थ महिला-स्वच्छ पर्यावरण अभियान शुरू

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शक्तिशाली महिला संगठन समिति (एसएमएसएस) द्वारा गायत्री परिवार शिवपुरी एवं गायत्री परिवार महिला मंडल के सहयोग से ग्राम पंचायत बांसखेड़ी में स्वस्थ महिला-स्वच्छ पर्यावरण विषय पर जागरूकता एवं सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 200 से अधिक महिलाओं एवं किशोरियों ने भाग लिया। इस दौरान बांसखेड़ी पंचायत को प्लास्टिक पॉलीथीन एवं प्लास्टिक आधारित सेनेटरी पैड मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही 100 से अधिक महिलाओं एवं किशोरियों को नि:शुल्क पुन: उपयोग योग्य कपड़े के सेनेटरी पैड वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सिविल सर्जन डॉ. पी.के. खरे तथा विशिष्ट अतिथि धीरेंद्र सिंह जादौन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग और डॉ. संजय ऋषिस्वर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिवपुरी रहे। डॉ. संजय ऋषिस्वर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं तथा पुन: उपयोग योग्य सेनेटरी पैड स्वास्थ्य, आर्थिक बचत और पर्यावरण संरक्षण के लिए लाभकारी हैं। धीरेंद्र सिंह जादौन ने इसे महिलाओं के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी एक अनुकरणीय पहल बताया। महिला संगठन समिति के संयोजक रवि गोयल ने बताया कि संस्था वर्ष 2005 से विश्व पर्यावरण दिवस पर नवाचार आधारित कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस वर्ष मासिक धर्म स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जोड़ते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। कार्यक्रम में महिलाओं को पुन: उपयोग योग्य सेनेटरी पैड के उपयोग एवं रखरखाव की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम की सफलता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सपना धाकड़ एवं रूबी परमार सहित स्थानीय सहयोगियों तथा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की इंटर्न अनन्या का विशेष योगदान रहा।



### पीएम श्री शास. उच्च. मा. विद्यालय में हुआ वृक्षारोपण

**करही (नरवर), 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अनुविभाग करेरा अंतर्गत पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही (नरवर) में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अपनी माताओं के नाम पर एक-एक पौधा रोपित किया। इस अनूठी पहल ने विद्यार्थियों में प्रकृति एवं परिवार के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक मजबूत किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य अरविन्द कुमार सडैया,विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे। वहीं करही मंडल अध्यक्ष रामेश्वर रावत ने भी विद्यार्थियों के साथ विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व, वृक्षों की उपयोगिता तथा बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा विद्यार्थियों ने इन पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प व्यक्त किया।



### विभिन्न परिक्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

पर्यावरण दिवस के अवसर पर वनमंडल शिवपुरी के अंतर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों, वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा जनसामान्य को वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं वन विभाग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। वन विभाग द्वारा नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया गया। साथ ही वन संवर्धन एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश एवं संदेश भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों तथा क्षेत्रीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया।

### विभिन्न परिक्षेत्रों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**शिवपुरी/कोलारस।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वनमंडल शिवपुरी के अंतर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों, वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा जनसामान्य को वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा.इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं वन विभाग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। वन विभाग द्वारा नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया गया। साथ ही वन संवर्धन एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश एवं संदेश भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों तथा क्षेत्रीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया।




### एक पेड़ माँ के नाम अभियान से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**करैरा, 5 जून।** मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड करैरा द्वारा चारों सेक्टरों के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत खैराघाट, डामरौनकलां, सिरसौद व मामौनी खुर्द में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। जन अभियान परिषद ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया आगे उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन का आधार भी हैं प्रकृति के प्रति हमारी छोटी-सी जिम्मेदारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और हरित भविष्य का निर्माण कर सकती है इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक उपेंद्र दुबे, नवांकुर संस्था स्व. रामा प्रजापति शिक्षा प्रचार-प्रसार समीति महुअर कॉलोनी के सचिव मुकेश प्रजापति, मेंटर्स उपदेश बोहरे,दुर्ग सिंह लोधी, परमानंद प्रजापति,मंदिर पुजारी व प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सचिव व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ट्रेनों के ठहराव, मेमू ट्रेन सहित स्टेशन पर बढ़ेंगी यात्री सुविधाएं






नवभारत न्यूज

**बदरवास, 5 जून।** गुना-ग्वालियर रेलवे ट्रैक के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन बदरवास पर लंबी दूरी की महत्वपूर्ण ट्रेनों उज्जैनी एक्सप्रेस, लक्ष्मीबाई नगर योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, झांसी बांद्रा एक्सप्रेस सहित अन्य गाड़ियों के स्टॉपेज करने तथा स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने की मांग सामाजिक संस्था रेलवे सुविधा संघर्ष समिति रेलमंत्री सहित विभिन्न स्तर पर मांगपत्र भेजकर लगातार करती आ रही है। रेलवे सुविधा संघर्ष समिति द्वारा केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी मांगपत्र भेजकर और गत माह बदरवास आगमन के दौरान समिति ने मिलकर ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग रखी थी। समिति द्वारा दिए गए मांगपत्र और सतत प्रयासों के बाद केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ने बदरवास रेलवे स्टेशन पर उज्जैनी, बांद्रा एक्सप्रेस सहित महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज करने तथा स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने की मांग को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को मांग पूर्ति के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु पत्र लिखा है। पत्र की प्रति रेलवे सुविधा संघर्ष समिति को भी भेजी गई है।

सामाजिक संस्था रेलवे सुविधा संघर्ष समिति के गोविन्द अवस्थी ने बताया कि समिति द्वारा लंबे समय से बदरवास रेलवे स्टेशन पर उज्जैनी एक्सप्रेस, लक्ष्मीबाईनगर योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, झांसी-बांद्रा एक्सप्रेस, ग्वालियर-बैंगलोर एक्सप्रेस, अमृतसर एक्सप्रेस सहित अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग लगातार की जा रही है। इसके लिए समिति द्वारा लगातार केंद्रीय रेल मंत्री, केंद्रीय संचार मंत्री,अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, जीएम, डीआरएम से पत्र व्यवहार और व्यक्तिगत मिलकर इस महत्वपूर्ण मांग को पूरा करने हेतु मांगपत्र दिए जाते रहे हैं

समिति के गोविन्द अवस्थी, मनीष बैरागी, कपिल परिहार ने बताया कि बदरवास रेलवे स्टेशन गुना ग्वालियर ट्रैक का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री यात्रा करते हैं। इसके बावजूद कई प्रमुख ट्रेनों का यहां ठहराव नहीं होने से यात्रियों को शिवपुरी, गुना जाकर इन गाड़ियों को पकड़ना पड़ता है जिससे यात्रियों का समय और धन दोनों खर्च होता है। विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों, मरीजों को चिकित्सा हेतु तथा धार्मिक यात्राओं पर जाने वाले श्रद्धालुओं का हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर, उज्जैन, दिल्ली, मुंबई, बंगलौर, इंदौर आना-जाना लगा रहता है और इन गाड़ियों का बदरवास स्टेशन पर स्टॉपेज न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर इन गाड़ियों का बदरवास स्टेशन पर स्टॉपेज कर दिया जाए तो क्षेत्रीय यात्रियों को उत्तर भारत, दक्षिण भारत सहित देश के विभिन्न महानगरों तथा धार्मिक स्थानों तक बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। बदरवास क्षेत्र की बढ़ती यात्री संख्या, सामाजिक एवं आर्थिक महत्व तथा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लंबी दूरी की इन प्रमुख ट्रेनों के स्टॉपेज की बहुत आवश्यकता है। रेलवे सुविधा संघर्ष समिति द्वारा क्षेत्र की जनभावनाओं और यात्रियों की इन समस्याओं को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष रखा गया था। इसके बाद उन्होंने मामले को गंभीरता से लेकर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हुए रेल मंत्री को विभिन्न गाड़ियों के बदरवास स्टेशन पर स्टॉपेज करने हेतु पत्र भेजा है।

### मांगपत्र में शामिल अन्य मांगें

बदरवास स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल किया जाए।

स्टेशन के प्लेटफार्म पर बड़ा लंबा टीनशेड लगे तथा दूसरे प्लेटफार्म का निर्माण और फुट ओवर ब्रिज, रैक प्वाइंट बनाया जाए।

स्टेशन पर टिकिट रिजर्वेशन काउंटर तथा आरपीएफ आउट पोस्ट खोली जाए।

गुन-ग्वालियर के बीच दिन में मेमू ट्रेन चलाई जाए।

मालवा एक्सप्रेस, इंदौर बरेली एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों को शिवपुरी-गुना होकर चलाया जाए।

ट्रेनों के स्टॉपेज से विद्यार्थी, व्यापारियों, मरीजों, धार्मिक यात्रियों को मिलेगी राहत

बदरवास रेलवे स्टेशन पर उज्जैनी एक्सप्रेस, योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, झांसी बांद्रा एक्सप्रेस, बंगलौर एक्सप्रेस के स्टॉपेज से क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सीधी सुविधा मिलेगी साथ ही विद्यार्थियों, नौकरीपेशा, धार्मिक पर्यटन यात्रियों सहित बीमार लोगों को बड़ी राहत मिलेगी तथा क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र का रेल संपर्क मजबूत होगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया ईसीसीई प्रशिक्षण



नवभारत न्यूज

**बदरवास, 5 जून।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विकासखंड कार्यालय के सभागार में 'पोषण भी, पढ़ाई भी' कार्यक्रम के तहत ईसीसीई (अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र की लगभग 50 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### गर्भवती माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष फोकस

प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से दी गईं। कार्यालय के पर्यवेक्षकों और ऑपरेटरों द्वारा कार्यकर्ताओं को सिखाया गया कि प्रोटीन की कमी कैसे दूर करें गर्भवती और धात्री माताओं को उनके आहार में प्रोटीन की सही मात्रा कैसे सुनिश्चित कराई जाए। हरी पत्तेदार सब्जियों के नियमित सेवन से आवश्यक विटामिन्स और पोषक तत्व कैसे प्राप्त किए जा सकते हैं, ताकि कुपोषण को जड़ से मिटाया जा सके।

प्रशिक्षण जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह जादौन एवं परियोजना अधिकारी के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी परियोजना अधिकारी रवि रमन पाराशर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बारीकी से प्रशिक्षण देने में विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा, जिनमें मुख्य रूप से पर्यवेक्षक श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती अनिता शर्मा, श्रीमती बिमलेश लक्षकार एवं श्रीमती रजनी तोमर,ऑपरेटर टीम: जितेंद्र ओझा, प्रफुल्ल सोनी एवं जितेन्द्र सोनी। प्रशिक्षण के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को मैदानी स्तर पर जाकर इस जानकारी को आम जनमानस और हितग्राहियों तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया।

# कोर्ट रोड बनेगी आदर्श सड़क, जाम और अव्यवस्था से मिलेगी राहत



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 5 जून।** शहर की सबसे व्यस्त एवं महत्वपूर्ण सड़कों में शामिल कोर्ट रोड को अब मॉडल एवं आदर्श सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में एसडीएम आनंद सिंह राजावत, एसडीओपी संजय चतुर्वेदी, सीएमओ इशांक धाकड़, यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव, यातायात पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़क की चौड़ाई, यातायात दबाव, पार्किंग व्यवस्था तथा अतिक्रमण की स्थिति का अवलोकन किया।

दुर्गा टॉकीज, जैन मंदिर सहित अन्य स्थानों पर उपलब्ध जगहों का निरीक्षण कर पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने की रणनीति तैयार की जा रही है। सड़क किनारे अव्यवस्थित खड़े वाहनों को नियंत्रित कर यातायात को अधिक सुगम बनाया जाएगा। कोर्ट रोड के सबसे संवेदनशील बिंदु गांधी चौक पर जाम की समस्या को कम करने के लिए विशेष योजना बनाई जा रही है। सड़क किनारे बैठे पटवा व्यवसायियों को वैकल्पिक स्थान पर व्यवस्थित किए जाने पर विचार किया जा रहा है। इससे खाली होने वाले स्थान का उपयोग दोपहिया वाहन पार्किंग के रूप में किया जा सकेगा।

**सीएमओ इशांक धाकड़ ने मांगा नागरिकों का सहयोग :** मुख्य नगरपालिका अधिकारी इशांक धाकड़ ने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण, यातायात सुधार एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने व्यापारियों, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से कोर्ट रोड को सबसे व्यवस्थित एवं आदर्श सड़क बनाया जाएगा।

**पार्किंग स्थलों को किया चिन्हित, कराई नापतौल :** गुरुवार को यातायात थाना प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने नगरपालिका के एसआई योगेश शर्मा सहित नगर पालिका के स्टाफ के साथ कोर्ट रोड का निरीक्षण कर प्रस्तावित पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन एवं नापतौल कराई। इस दौरान सड़क किनारे संचालित ठेले वालों एवं पटवा व्यवसायियों से चर्चा कर उन्हें निर्धारित वैकल्पिक स्थानों पर व्यवस्थित रूप से शिफ्ट किए जाने की कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने संबंधित व्यवसायियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नई व्यवस्था से यातायात सुगम होगा और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

# मेगा अपार दिवस : कार्य में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

**शिवपुरी/कोलारस, 5 जून।** जनपद शिक्षा केंद्र कोलारस ने कक्षा 1 से 8 तक के 22, 529 विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जाने वाले मेगा अपार दिवस के सफल संचालन हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। विकासखंड से लेकर विद्यालय स्तर तक व्यापक समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्म के प्रभावी क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई है। जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा विद्यालयों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर पालकों को अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया है। समस्त जनशिक्षा केन्द्र पर अपार दिवस मनाया जायेगा और अधिक से अधिक पालको व बच्चों को बुलाकर उनकी अपार आई डी ,आधार अपडेट ,नवीन आधार निर्माण किया जायेगा साथ ही विद्यार्थियों के आधार संबंधी त्रुटियों के सुधार एवं अद्यतन कार्यों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। सभी विद्यालयों में कार्यक्रम के संचालन हेतु आवश्यक संसाधनों एवं सुविधाओं की उपलब्धता भी के निर्देश दिये है

विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की यू-डाइस प्रोफाइल का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद आधार संख्या, नाम, जन्मतिथि एवं लिंग का मिलान किया जाएगा। पालक की सहमति प्राप्त होने पर यू-डाइस पोर्टल के माध्यम से जानकारी अपार प्रणाली को भेजी जाएगी। सफल सत्यापन के बाद विद्यार्थी की विशिष्ट अपार आईडी स्वत: जनरेट होगी और उसका डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड तैयार हो जाएगा। जिन विद्यार्थियों के दस्तावेजों में त्रुटियां होंगी, उनका सुधार कर पुन: सत्यापन कराया जाएगा।

जनपद शिक्षा केंद्र कोलारस द्वारा विद्यालयवार विद्यार्थियों की जानकारी का सत्यापन पूरा कर लिया गया है। संबंधित अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों, जनशिक्षकों एवं शिक्षकों को उनके दायित्वों के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न स्तरों पर टीमों का गठन कर जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

जनपद शिक्षा केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जून माह के प्रत्येक शनिवार को मेगा अपार दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं पालकों को शैक्षणिक एवं आधार संबंधी महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ मिलेगा। अपार आईडी बनने से छातें का सुरक्षित डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड तैयार होगा, जिससे भविष्य में विद्यालय परिवर्तन, छात्रवृत्ति, प्रवेश एवं अन्य शैक्षणिक कार्यों में सुविधा मिलेगी।

**इनका कहना है...**

संबंधित खंड एकेडमिक समन्वयक,जनशिक्षकों एवं समस्त शासकीय अशासकीय विद्यालय के प्राचार्य व शाला प्रभारियों को निर्देश दिये कि अपार आईडी सभी विद्यार्थियो की बनना आवश्यक है कार्य में लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजे जाएंगे।

**केपी जैन,** बीआरसीसी कोलारस





